## कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी डॉ.अम्बेडकर नगर महू जिला इंदौर म.प्र.

महू दिनांक / 11 / 3 / 2020

क्रमांक / 633 / स्टेनो / 2020

प्रति,

कलेक्टर महोदय
जिला इंदौर म.प्र.

विषयः– नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल नईदिल्ली द्वारा आवेदन पत्र कमांक 783 / 2019 मे दिये आदेश के संबंध मे स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन प्रस्तुत किये जाने बाबद।

सन्दर्भः– श्रीमान के कार्यालय का पत्र कमांक 260 / एन.जी.टी. / 2020 इंदौर दिनांक 12 / 02 / 2020

———00———

उपरोक्त विषयान्तर्गत अनुरोध है कि माननीय नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल नईदिल्ली द्वारा प्र.क. 783 / 2019 जितेन्द्रसिंह नारविया विरूद्व म.प्र. शासन के संबंध मे पारित आदेश एवं सन्दर्भित पत्र के पालन मे खनिज निरीक्षक, डॉ.अम्बेडकर नगर महू जिला इंदौर से दिनांक 03 / 03 / 2020 को आदेश मे वर्णित शताब्दीपुरम कालोनी ग्राम कोदरिया के संबंध मे विस्तृत जांच प्रतिवेदन मय पंचनामा लिया गया जिसमें खनिज अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि डा.अम्बेडकर नगर महू तहसील अन्तर्गत ग्राम पंचायत कोदरिया मे शताब्दीपुरम नामक कालोनी स्थित है जिसमें एक रहवासी कालोनी का निर्माण हो चूका है तथा उक्त शताब्दीपुरम कालोनी मे एवं उसके आसपास कही भी अवैध रेत का उत्खनन होना नही पाया गया। मौके पर खनिज निरीक्षक द्वारा पंचनामा भी तैयार किया गया जिसमे भी उल्लेखित किया गया है कि शताब्दीपुरम कालोनी के पास कोई भी नदी या नाला नही है जिसमें रेत उत्खनन की गतिविधि हो सके। चूंकि उस स्थल पर रेत उत्खनन का अन्य कोई स्त्रोत भी नही है अतः रेत उत्खनन होना नही पाया गया। अनुविभागीय अधिकारी महोदय, राजस्व डॉ.अम्बेडकर नगर महू, जिला खनिज अधिकारी इंदौर तथा खनिज निरीक्षक महू के कार्यालय मे उक्त संबंध मे कोई शिकायत प्राप्त नही हुई है।

शताब्दीपुरम से लगभग 1 कि.मी. दूर रामनगर के पास एक नाला प्रवाहित होता है जिसमें सीवरेज का गंदा पानी बहता है किन्तु उसमे भी रेत उत्खनन की स्थिति नही पाई गई। मौके पर पंचनामा तैयार करते समय स्थानीय निवासियो द्वारा अवगत कराया गया कि शिकायतकर्ता श्री जितेन्द्रसिंह नारविया मौके पर बनी हुई कालोनी या उसके आसपास कही भी निवास नही करते है। शिकायत मे वर्णित स्थल के आसपास कही भी निवास नही करते है।

निरन्तर पृष्ठ क्रमांक 02 पर

NGT
11/3

11/03/2020

शिकायत मे वर्णित स्थल के आसपास के छायाचित्र तैयार कराये गये उनमे भी उत्खनन नही पाया गया। साथ ही गुगल के माध्यम से मेप की इमेज तैयार कराई गई। उनमे भी आसपास नदी/नाला नही पाया गया।

अतः अनुरोध है कि माननीय ग्रीन ट्रिब्यूनल नईदिल्ली द्वारा पारित आदेश के संदर्भ मे तहसील डॅा.अम्बेडकर नगर महू के ग्राम कोदरिया के अन्तर्गत आने वाले शताब्दीपुरम मे कही भी रेत का अवैध उत्खनन नही पाया गया। अतः खनिज निरीक्षक द्वारा तैयार किया गया जांच प्रतिवेदन, स्थानीय स्तर पर तैयार किये गये छायाचित्र तथा गुगल इमेज सहित वस्तुस्थिति का प्रतिवेदन श्रीमान की ओर सादर सूचनार्थ एवं अवलोकनार्थ प्रेषित है।

<u>संलग्नः– उपरोक्तानुसार</u>

11/03/2020

अनुविभागीय अधिकारी
डॅा.अम्बेडकर नगर महू

प्रति,

श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व),
डॉ अंबेडकर नगर महू,
जिला इन्दौर

**विषय :- नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल नई दिल्ली द्वारा आवेदन पत्र क्रमांक 783/2019 मे दिये आदेश के संबंध मे स्थल निरीक्षण प्रतिवेदन ।**

**संदर्भ :- आपका पत्र क्रमांक 115/स्टेनो/2019 दिनाक 10/01/2020 के पालन मे ।**

--------0000---------

उपरोक्त विषयांतर्गत निवेदन है कि माननीय नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल नई दिल्ली दवारा प्रकरण क्रमांक 783/2019 जितेन्द्रसिंह नारविया विरुद्ध शासन के संबंध मे पारित आदेश व आपके संदर्भ पत्र के पालन मे दिनाक 03/03/2020 को शताब्दीपुरम ग्राम कोदरिया तह महू जिला इंदौर का निरीक्षण किया गया जिसकी जांच रिपोर्ट इस प्रकार है :-

मौके पर पाया गया कि उक्त स्थल शताब्दीपुरम ग्राम कोदरिया मे स्थ्ति होकर वर्तमान मे एक रहवासी कालोनी के नाम से स्थ्ति है उक्त स्थल पर खनिज रेत का अवैध खनन होना नहीं पाया गया, मौके पर उपस्थित पंचो के पूछने पर आस पास अवैध रेत खनन नहीं होने कि जानकारी दी गई है, उक्त स्थल के आस पास कोई नदी भी प्रवाहित नहीं होती है, जिसमे खनिज रेत का उत्खनन होना संभव नहीं है एवं उक्त स्थल पर खनिज रेत का अन्य स्रोत भी नहीं है । शताब्दीपुरम से करीब एक किलोमीटर दूर राम नगर के पास एक नाला स्थ्ति है जिसमे खनिज रेत का खनन नहीं होता है, उक्त नाले मे सिवेज का पानी बहता है । मौके पर कालोनी निवासियों दवारा शिकायतकर्ता जितेन्द्र सिंह नारविया यहा निवास नहीं करते है कि जानकारी दी गई है ।

**प्रतिवेदन अवलोकनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु सादर प्रस्तुत ।**

सलग्न :- स्थल फोटोग्राफ एवं स्थल का गूगल इमेज ।

[signature] 03/03/2

**खनि निरीक्षक**
**जिला इंदौर**

Teh. Mhow (विस्तृत प्रतिवेदन अनिवार्य)

[signature]
05/03/2020

"मौका पंचनामा"

हम नीचे हस्ताक्षरकर्ता पंचगण, यह पंचनामा सही-सही लिखकर देते हैं कि आज दिनांक 03/03/2020 को समय करीब 01:30 pm पर कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डॉ. अम्बेडकर नगर महू जिला इन्दौर के पत्र क्र. 115/स्टेनो/2019 महू दिनांक 10/01/2020 के संदर्भ में पुनः आज दिनांक को ग्राम कोदरिया के शताब्दीपुरम का निरीक्षण मौके पर उपस्थित पंचों के समक्ष किया गया, मौके पर पाया गया कि उक्त स्थल शताब्दीपुरम ग्राम कोदरिया में स्थित होकर वर्तमान में मुख्य रहवासी कालोनी के नाम से स्थित है, उक्त स्थल पर खनिज रेत का अवैध उत्खनन होना नहीं पाया गया। मौके पर उपस्थित पंचों से पूछने पर आस-पास अवैध खनिज रेत खनन नहीं होने कि जानकारी दी गई। उक्त स्थल के आस-पास कोई नदी का प्रवाहित भी ना होना पाया गया, जिसमें खनिज रेत का उत्खनन होना संभव नहीं है। एवं उक्त स्थल पर खनिज रेत का अन्य स्त्रोत नहीं है। उक्त स्थल से करीब 1 कि.मी. दूर एक छोटा नाला बहता है जो कि रामनगर के पास स्थित है, उक्त नाले में गंदा पानी बहता है, जिसमें से रेत का खनन नहीं होता है। उक्त स्थल पर फोटोग्राफ्स लिए गए। तथा ~~उक्त~~ ~~कालोनी~~ शताब्दीपुरम में जाँच करने पर यह भी पाया गया कि मौके उपस्थित कालोनी वासियों द्वारा बताया गया कि शिकायतकर्ता जितेन्द्र सिंह नरवरिया यहाँ निवास नहीं करते और ग्रामवासियों द्वारा उक्त शिकायतकर्ता कि जानकारी भी ना होना बताया गया।

मौका पंचनामा लिखा गया जो सही है

परसराम कोटवार

हस्ताक्षर पंचगण

हस्ताक्षर पंचगण
[signature]

[signature] ...ॉस
S/o पीटर
[signature]
नि. शताब्दीपुरम
कोदरिया महू


अमन लवानी
S/o शताब्दीपुरम कालोनी
कोदरिया महू


[signature] हर्ष स्वामि
हर्ष S/o धनराज स्वामी
निवासी - शताब्दीपुरम


[signature]
3/3/...
M.I. Endo...


[signature]
03/03/...
प.ट.


[signature]
सचिव
ग्राम पंचायत...
डॉ. अम्बेडकर...



22°32'06.1"N 75°46'37.4"E
Google



Try petrol stations, c...
Borkhedi
बोरखेड़ी
Bhumiputra Hanuman Temple
Brajdham Udasin Ashram
Balaji Mandir
बालाजी मंदिर
Corporation bank
कार्पोरेशन बैंक
Purani Masjid
पुरानी मस्जिद
Masjid MCTE
मस्जिद MCTE
Dr. Ambedkar Nagar (Mhow)
डॉ. अम्बेडकर नगर (महू)
GO
Google
KHAN COLONY



airtel
1:55 p.m.
Try petrol stations, c...
IDBI Bank Ltd
आईडीबीआई बैंक लिमिटेड
Patalpani Water Falls
पातालपानी जलप्रपात
Borkhedi
बोरखेड़ी
Choradiya
चोरडिया
Balaji Mandir
बालाजी मंदिर
Corporation bank
कार्पोरेशन बैंक
GO
Peet Road
Trayambkeshvar Mahadev Mandir
Google


Try petrol stations, c...
Google
GO



airtel
1:55 p.m.
29%
Try petrol stations, c...
A
IDBI Bank Ltd
Water Falls
Borkhedi
बोरखेडी
Choradiya
चोरडिया
Balaji Mandir
बालाजी मंदिर
Corporation bank
कार्पोरेशन बैंक
Peet Road
GO
Trayambkeshvar Mahadev Mandir
Google


airtel
Try petrol stations, c...
A
GO
Google


airtel
2:21 p.m.
27%
Search here
A
Maa Bhagwati Grih Udhyog
Sunil Patel Home
Shree kela devi kirana/nashta point
श्री केला
Tap to mute
Google
GO


airtel
2:22 p.m.
Search here
A
न्यू गुरादिया
Balaji Mandir
बालाजी मंदिर
Corporation bank
कार्पोरेशन बैंक
MCTE GURUDWARA SAHIB
MCTE गुरुद्वारा साहिब
Ambedkar Nagar
आम्बेडकर
Google
1000 ft
500 m
GO


DEEPAK KAMBLE
S/O S.C.KAMBLE
16.SHATABDIPURAM COLONY
KODARIYA MHOW
2020.03.02 14:32


2020.03.02 14:24




2020.03.02 14:32